दिनांक : 06.08.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री कर्तव्य भवन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कर्तव्य भवन से जुड़े निर्माण श्रमिकों से भी बातचीत की। ये भवन सेंट्रल विस्टा के व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। यह आगामी साझा केन्द्रीय सचिवालय भवनों में से पहला भवन है। इसका उद्‌देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और चुस्त-दुरस्त करना है ।

उत्तराखण्ड- खीरगंगा बाढ़

उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में कल खीरगंगा नदी में बादल फटने के बाद प्रभावित क्षेत्र में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव अभियान जारी है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन और अन्य विभागों की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। अब तक 130 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने केन्द्र की ओर से हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद राहत कार्य जारी है।

हर घर तिरंगा अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आग्रह किया है कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव और प्रत्येक वार्ड में राष्ट्र भक्ति के वातावरण के निर्माण और तिरंगे पर केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की जाएं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 2 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ घर और कार्यालय के साथ वाहनों पर तिरंगा लगाने के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश भेजे गए हैं।

सतना जिले में अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है मैहर जिले में भी प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चायें आयोजित की जा रही हैं।

इंदौर तिरंगा यात्रा

इंदौर जिले में भी 15 अगस्त तक तीन चरणों में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में 8 अगस्त तक तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली जैसे कार्यक्रम होंगे। तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलो, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा।

शिवपुरी में अग्निवीर भर्ती रैली जारी

शिवपुरी में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली जारी है। कल छतरपुर और भिं जिलों के युवा अभ्यर्थियों ने इसमें भाग लिया। भर्ती रैली में कुल 628 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें छतरपुर के 238 तथा भिं जिले से 390 युवा थे। अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता, कागजी परीक्षण और चिकित्सकीय जांच की अगली प्रक्रियाओं से गुजरना होगा।

आरबीआई - रपो दर

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर पर बनाए रखने का फैसला किया है। बैंक दर 5 दशमलव सात-पांच प्रतिशत रहेगी। भारतीय आयात पर अमरीका के टैरिफ के बाद भी शीर्ष बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के सकल घरेलू विकास अनुमान

को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2026 के लिए मंहगाई दर 3 दशमलव 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

मौसम

प्रदेश में अगले 4 दिन तक मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 48 प्रतिशत और भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 39 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में 28.7 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 44 प्रतिशत पानी ज्यादा गिर चुका है। वहीं, कोटे की 77 प्रतिशत है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विधानसभा में आयोजित बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- संघ लोक सेवा आयोग- यूपीएससी ने शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में सीधे ईमेल अलर्ट प्राप्त करने की एक नई सुविधा शुरू की है।